Regarding the issue of severe traffic congestion at Dwarka flyover

श्रीमती कमलजीत सहरावत (पश्चिम दिल्ली) **:** सर, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान अपनी पश्चिमी दिल्ली लोक सभा के द्वारका की एक समस्या की तरफ दिलाना चाहती हूँ । द्वारका आज, इस समय आदरणीय प्रधान मंत्री जी के विज़न को स्थापित करने वाली नगरी है, जहां यशोभूमि, एयरपोर्ट से जुड़ने वाली रोड, द्वारका एक्सप्रेस-वे, यूईआर जैसे रोड्स हैं । लेकिन यहां पर लगने वाला भीषण जाम आज पूरे द्वारका की बहुत बड़ी समस्या बन चुका है । लाखों लोग इस रोड से गुज़रते हैं, लेकिन यहां पर लगने वाले जाम से बहुत लोगों की फ्लाइटें छूट रही हैं । यशोभूमि और पालम एयरपोर्ट नज़दीक होने से हमारे वीआईपी रूट्स बहुत से लगते हैं तो ये भीषण जाम आज हम सबकी बहुत बड़ी दिक्कत बन गया है ।

मैं आपके माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्रालय और शहरी कार्य मंत्रालय से निवेदन करती हूँ कि वे दिल्ली सरकार के साथ एक जॉइंट कमिटी बना कर द्वारका की इस समस्या का टैक्नीकल असेसमेंट कर के ऑल्टरनेट रूट्स, एक्सटेंशन ऑफ रोड्स, फ्लाइओवर्स और अण्डरब्रिज बनाने पर जल्दी से विचार करें । आपने मुझे समय दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** श्री उत्कर्ष वर्मा जी ।

अभी हमें बिल पर भी चर्चा करनी है । इसलिए मेरी सभी सदस्यों से रिक्वेस्ट है कि आप अपनी-अपनी बात कम समय में रखें ।